# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 02 सितम्बर, 2026/11, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 58**

----

### पंचायत घर

***4674 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक चौपाल, ठियोग व कुपवी में पंचायत घरों के निर्माण तथा मरम्मत हेतु कितनी-कितनी धनराशि किस-किस पंचायत घर हेतु स्वीकृत हुई तथा इनका कितना-कितना निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा पंचायत के नाम, स्थान, स्वीकृत धनराशि व स्वीकृति पत्र सहित दें; और

(ख) इस हेतु कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है व कितनी शेष है; ब्यौरा पंचायत के नाम, व्यय व शेष धनराशि सहित दें?

----

## JICA

***4675 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) what has been the basis and criteria for allocating works under JICA;

(b) what sort of checks have been made to ensure proper work execution and transparency in the works identified; and

(c) will the Government clarify the role of overlapping of projects undertaken under JICA?

----

## बिजली मित्र

***4676 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में जो बिजली मित्र रखे गए हैं, वे किस आधार पर रखे गए हैं तथा इन हेतु भविष्य में क्या पॉलिसी है; ये नियुक्तियां किस नियम के तहत हुई हैं; और

(ख) क्या इन्हें विद्युत विभाग द्वारा नियुक्त किया गया है या किसी एजेंसी के माध्यम से; इनका मानदेय कितना है क्या ये नियुक्तियां स्थायी या अस्थायी तौर पर की गई हैं; ब्यौरा दें?

----

## रोपवे परियोजनाएं

***4677 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एशियन डवलपमेंट बैंक से प्राप्त ऋण/सहायता के अंतर्गत कुल कितनी रोपवे परियोजनाएं प्रस्तावित, स्वीकृत अथवा निर्माणाधीन हैं; और

(ख) इनमें से कितनी परियोजनाएं सार्वजनिक/निजी भागीदारी में विकसित की जा रही हैं तथा इनकी अनुमानित लागत तथा प्रत्येक परियोजना को पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है; परियोजनाओं का स्थानवार,अनुमानित लागत तथा अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## प्रधानमंत्री आवास योजना

***4678 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कितने आवास स्वीकृत किए गए हैं; जिला एवं विकास खंडवार स्वीकृत आवासों का ब्यौरा दें; साथ ही विकास खंड प्रागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायतवार स्वीकृत आवासों की संख्या का ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

***4679 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग में कितने आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं कार्यरत हैं तथा इनमें इन श्रेणियों के कितने पद रिक्त पड़े हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए व कितनों को उनकी सेवानिवृत्ति के उपरान्त ग्रेच्युटी प्रदान की गई; और

(ग) क्या सरकार सर्वोच्च न्यायालय सिविल अपील संख्याः 3153 वर्ष, 2022 एस0एल0पी0 संख्याः 30193 वर्ष, 2017 मनीबेन बनाम सरकार के निर्णय अनुसार आंगनबाड़ी कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के उपरान्त ग्रेच्युटी देने का विचार रखती है; जिलावार ब्यौरा दें?

----

## सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना

***4680 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, कांगड़ा को प्रस्तावित विकास कार्यों हेतु कितनी धनराशि प्राप्त हुई; प्राप्त धनराशि का वर्षवार, कार्यवार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में प्राप्त धनराशि में से कितने विकास कार्यों को प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति प्रदान की गई; स्वीकृत कार्य का नाम, पंचायत, स्थान, स्वीकृत धनराशि तथा अद्यतन स्थिति क्या है; कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने प्रगति पर हैं व कितने लम्बित हैं; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी शेष है; लम्बित कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; और

(ग) इस अवधि में एम0पी0एल0ए0डी0एस0 के अंतर्गत बी0डी0ओ0 कार्यालय, कांगड़ा को प्राप्त कुल धनराशि का ब्यौरा दें तथा इस धनराशि के तहत स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण एवं लंबित सभी विकास कार्यों का कार्यवार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें?

----

## सड़क मार्ग

***4681 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दिनों हुई भारी बरसात के कारण धर्मशाला बस अड्डे तथा सुधेड़ में सड़क मार्ग को कितना नुकसान पहुंचा तथा विभाग द्वारा इस हेतु क्या कार्रवाई की गई; और

(ख) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भारी वर्षा से धार, कसुमर, बटाहण-लाहड़ तथा आंकण खोला सड़क मार्ग को कितना नुकसान पहुंचा तथा विभाग द्वारा इन सड़कों को कब तक सुचारु रूप से बहाल कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## प्राकृतिक आपदा

***4682 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सिराज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष, 2025 में आई प्राकृतिक आपदा के कारण नुकसान की भरपाई हेतु लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, राज्य विद्युत बोर्ड, ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग, उद्यान एवं कृषि विभाग के लिए कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; यह धनराशि किन- किन कार्यों/मदों पर व्यय की गई; विभागवार एवं मदवार ब्यौरा दें ?

----

## बेसहारा पशु

***4683 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में सड़कों पर बेसहारा पशुओं के कारण कितने लोगों की मृत्यु हुई तथा सरकार इन बेसहारा पशुओं को नियंत्रित करने हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## योजनाएं

***4684 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक योजना विभाग की प्रदेश में कितनी योजनाएं चल रही हैं तथा उन योजनाओं के तहत

कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया व कितनी व्यय की गई; वर्षवार ब्यौरा दें?

----

## पदों का सृजन

***4685 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नवनिर्मित लोक निर्माण विभाग मण्डल, कॉंडौल (बद्दी) के अंतर्गत खुले लोक निर्माण उप-खण्ड पट्टा में ए0ओ0, ऑडिटर्स, एस0डी0ओ0, जे0ई0, सर्वेयर, जूनियर ड्राफ्ट्समैन व हैड ड्राफ्ट्समैन के पदों को कब तक सृजित कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## प्रधानमंत्री आवास योजना

***4686 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष, 2025 में जिला कांगड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पंजीकृत 50,641 परिवारों में से कितने परिवारों का सत्यापन पूर्ण किया गया व कितने लंबित हैं; जिला एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) सत्यापन लंबित रहने के कारण तथा इसे पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है; सत्यापन में पात्र पाए गए कितने परिवारों को आवास स्वीकृत हुए तथा कितने अभी तक वंचित हैं;

(ग) क्या भारत सरकार द्वारा सर्वे डाटा फ्रीज किए जाने के कारण पात्र परिवारों का ब्यौरा/स्वीकृति लंबित है; क्या प्रदेश सरकार ने डाटा संशोधन अथवा पात्र परिवारों को जोड़ने हेतु कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है या भेजने का विचार है; यदि हां, तो कब तक;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्षवार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार कितने आवास स्वीकृत हुए हैं; और

(ङ) उक्त अवधि में श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत आवासों की वर्षवार, लाभार्थी के नाम व पते सहित सूची दें; सत्यापन/अंतिम स्वीकृति अथवा अस्वीकृति किस अधिकारी द्वारा, किन मानकों एवं समय-सीमा में की जाती है तथा विलंब हेतु जवाबदेही किसकी है?

----

## सब्जी मंडी

***4687 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा जिला लाहौल और स्पिति हेतु प्रस्तावित सब्जी मंडी के निर्माण कार्य हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; स्वीकृत धनराशि में से कितनी व्यय की गई; कार्य की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार अथवा ए0पी0एम0सी0 द्वारा उक्त सब्जी मंडी के कार्य को पूर्ण करने हेतु उचित धनराशि का प्रावधान कर लिया गया है; यदि नहीं, तो कब तक उचित धनराशि का प्रावधान करके इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## हॉर्टिकल्चर कार्यालय

***4688 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग का हॉर्टिकल्चर कार्यालय जो बिलासपुर में स्थित था उसे कहां एवं किस कारण से स्थानांतरित किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## विद्यालय भवन निर्माण

***4689 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत डोवरा-क्वार मण्डल में नए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डोडरा एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्वार के भवन की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## भाखड़ा विस्थापित

***4690 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता) :**
**श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़) :**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला बिलासपुर में भाखड़ा जल विद्युत परियोजना से कितने परिवार बेघर हुए थे;

(ख) दिनांक 01.08.2026 तक कितने विस्थापित परिवारों को सरकार जमीन दे चुकी है व कितने प्रार्थियों को अभी जमीन/प्लॉट आबंटित नहीं हुए हैं;

(ग) जिन विस्थापित परिवारों की जमीनों पर अवैध कब्जे हैं; क्या सरकार उनकी जमीनों की सैटलमेंट करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(घ) यह सत्य है कि भाखड़ा बांध के निर्माण के समय जो लोग विस्थापित हुए थे, उन्हें 5 मरले भूमि सरकार की तरफ से प्रदान किए जाने का प्रस्ताव था; यदि हां, तो इस हेतु सरकार द्वारा क्या निर्णय लिया गया; ब्यौरा दें?

----

## राजस्व भवन

*4691 **श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि धर्मपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लौंगनी, बहरी व चनौता में राजस्व भवनों का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; इन भवनों के निर्माण कार्यों हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा इसमें से कितनी व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## डिनोटिफाई

*4692 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में कितने सरकारी स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य संस्थान अथवा अन्य सरकारी संस्थान बंद, डिनोटिफाई व मर्ज या स्थानांतरित किए गए तथा इनमें से कितने संस्थान पुनः खोले गए तथा सरकार द्वारा संस्थानों को बंद अथवा मर्ज़ करने हेतु क्या मापदंड निर्धारित किए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## तकनीकी शिक्षा विभाग

*4693 **श्री आर.एस. बाली (नगरोटा):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभाग में स्व-वित्तपोषित योजना व अन्य योजनाओं के तहत कार्यरत कर्मचारी कितने वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं; संख्यावार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार इन कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस हेतु सरकार द्वारा क्या समयबद्ध नीति/कार्रवाई अपनाई जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि

***4694 श्री विनोद कुमार (नाचन) :**
**श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :**
**श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 18 से 60 वर्ष तक की पात्र महिलाओं को ₹1,500 प्रतिमाह सहायता दी जा रही है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक कितनी महिलाओं को लाभ मिला; जिलावार, आयु वर्गवार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस योजना के तहत कितनी महिलाओं को लाभ मिल रहा है तथा कितने आवेदन प्राप्त, स्वीकृत, निरस्त एवं लंबित हैं; संख्या एवं लाभार्थियों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें; इस योजना के अंतर्गत वर्षवार एवं जिलावार कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी एवं वितरित की गई;

(ग) इस योजना के वर्तमान एवं पूर्व पात्रता मापदंड क्या हैं; क्या मापदंडों में कोई परिवर्तन किया गया है; यदि हां, तो कारण; और

(घ) आवेदन निरस्त/लंबित रहने के कारण क्या हैं तथा वर्तमान में पात्र होने के बावजूद कितनी महिलाएं लाभ से वंचित हैं; उन्हें यह लाभ कब तक प्रदान कर दिया जाएगा?

----

## अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण-पत्र

***4695 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार राज्य में स्थित ऐतिहासिक इमारतों एवं पुरानी/पूर्व निर्मित इमारतों में संचालित होटल, होम-स्टे, गैस्ट हाउस व अन्य पर्यटन इकाइयों हेतु अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण-पत्र की व्यवस्था को सरल बनाने तथा बार-बार अनापत्ति प्रमाण-पत्र नवीनीकरण की आवश्यकता को समाप्त करने का विचार रखती है;

(ख) यह सत्य है कि सरकार इन भवनों की ऐतिहासिक, संरक्षित व पुरानी संरचना को ध्यान में रखते हुए तथा निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करने के उपरांत अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण-पत्र को स्थायी अथवा दीर्घकालीन वैधता प्रदान करने का भी विचार रखती है; यदि हां, तो इस हेतु क्या प्रावधान प्रस्तावित हैं तथा इसे कब तक लागू किया जाएगा; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इन ऐतिहासिक एवं पुरानी इमारतों के मालिकों/ संचालकों को बार-बार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में होने वाली व्यावहारिक

कठिनाइयों को देखते हुए इस संबंध में पुनर्विचार करने का विचार रखती है?

----

## रिक्त पद

***4696 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक प्रदेश के विभिन्न विभागों, बोर्डों एवं निगमों में पटवारी, पंचायत सचिव, क्लर्क, कंप्यूटर ऑपरेटर /डाटा एंट्री व स्टैनो के स्वीकृत, कार्यरत व रिक्त पदों का विभागवार एवं श्रेणीवार ब्यौरा दें;

(ख) उपर्युक्त पदों हेतु एच0पी0पी0एस0सी0 तथा एच0पी0आर0सी0ए0 को भेजी एवं न भेजी गई अधियाचनाओं (रिक्विजिशन्ज) का पदवार एवं विभागवार ब्यौरा दें;

(ग) लंबे समय से रिक्त पदों को न भरने तथा अधियाचना प्रेषित न करने के विभागवार क्या कारण हैं;

(घ) इन पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू व पूर्ण करने की संभावित समय-सीमा का विभागवार ब्यौरा दें;

(ङ) क्या सरकार इन लिपिकीय एवं राजस्व पदों को भरने हेतु विशेष भर्ती अभियान चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कार्य योजना क्या है; और

(च) दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक एक वर्ष या इससे अधिक रिक्त पदों वाले विभागों, रिक्तियों की अवधि तथा इससे जनसेवाओं पर पड़े प्रभाव का ब्यौरा दें?

----

## आरक्षित पद

***4697 श्री सुरेश कुमार (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति/ जनजाति एवं ओ0बी0सी0 वर्ग के कितने आरक्षित पदों का बैकलॉग कब से रिक्त पड़ा है तथा सरकार इनको भरने हेतु कब तक प्रक्रिया आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

***4698 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड संबद्ध राजकीय विद्यालयों के लिए शिक्षकों के चयन हेतु हिमाचल प्रदेश स्कूल

शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ष, 2026 में स्क्रीनिंग टैस्ट आयोजित किया गया था परंतु परीक्षा परिणाम आने के बाद भी योग्य शिक्षकों की नियुक्तियां/प्रतिनियुक्तियां नहीं की गई हैं; यदि हां, तो कारण; ये नियुक्तियां कब तक कर दी जाएंगी?

----

## बाबा बालक नाथ महाविद्यालय

***4699 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बाबा बालक नाथ महाविद्यालय के नाम भूमि की रजिस्ट्री हेतु मंदिर न्यास प्रशासन एवं भू-दानियों के मध्य दिनांक 24.08.2023 एवं 04.11.2023 को हुई बैठकों में विभिन्न शर्तों/मांगों पर सहमति बनी थी;

(ख) क्या इस सहमति के तहत मंदिर न्यास में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती में भू-दानियों के आश्रितों को 10 अतिरिक्त अंक, महाविद्यालय के रोज़गारोन्मुख पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत सीटें स्थानीय बच्चों के लिए आरक्षित, भू-दानियों का हिस्सा बढ़ाने तथा मंदिर परिसर में उनके बैठने हेतु कमरे की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया था; और

(ग) क्या इस सहमति का अनुमोदन पत्र संख्या 20-33/5092 दिनांक 01.11.2023 द्वारा किया गया तथा भूमि की रजिस्ट्री 08.11.2023 को संपन्न हुई है; यदि हां, तो भूमि दान के पश्चात इन शर्तों को लागू न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## बी0ए0एस0पी0

***4700 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा गत दो वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना (बी0ए0एस0पी0) के तहत धनराशि का प्रावधान नहीं किया गया है; यदि हां, तो कारण;

(ख) इस अवधि में बी0ए0एस0पी0 के अंतर्गत कौन-कौन से कार्य धनाभाव के कारण पूर्ण नहीं हो पाए हैं; कार्यों का जिलावार व विभागवार ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इन अपूर्ण कार्यों को बिना धनराशि प्रावधान के कैसे पूर्ण करेगी; ब्यौरा दें?

----

## एफ0आर0ए0

***4701 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लोक निर्माण विभाग के डलहौजी मण्डल व सलूणी उप-मण्डल के अंतर्गत कितनी प्रस्तावित सड़कों को वन अधिकार अधिनियम के तहत स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है; सड़कों के नाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) जिन सड़कों की वन अधिकार अधिनियम की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, उनके निर्माण हेतु सरकार द्वारा कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; वित्तीय वर्षवार व सड़कवार ब्यौरा दें; यदि धनराशि का प्रावधान नहीं किया गया है, तो कारण;

(ग) यह सत्य है कि इन स्वीकृत सड़कों के निर्माण हेतु विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है; यदि हां, तो प्रत्येक सड़क की निविदा की क्या स्थिति है; और

(घ) सरकार इन स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्यों को कब तक आरम्भ करने का विचार रखती है?

----

## पैरा-मेडिकल स्टाफ

***4702 श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में कितने नए चिकित्सकों एवं पैरा-मेडिकल स्टाफ की नियुक्तियां की गई हैं तथा कितने आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) जिला कांगड़ा के अंतर्गत किन-किन सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नई नियुक्तियां की गई हैं तथा किन स्वास्थ्य संस्थानों को नए/आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं संस्थानवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में की गई नई नियुक्तियों एवं उपलब्ध करवाए गए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का संस्थानवार ब्यौरा दें?

----

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

***4703 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ ने अपनी जमीन के कुछ हिस्से को शिक्षा विभाग के

नाम कर दिया था; यदि हां, तो क्या इस जमीन पर कोई अन्य संस्थान खोला जा सकता है; ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

***4704 श्री लोकेन्द्र कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े रामपुर, आनी, निरमंड, दलाश, छतरी, करसोग एवं रिकांगपिओ के प्रमुख 22 बस रूटों पर बस सेवाएं वर्तमान में बंद या अनियमित हैं; यदि हां, तो कारण; और

(ख) सरकार कब तक इन सभी प्रभावित रूटों पर निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नियमित बस सेवाएं पुनः बहाल करने का विचार रखती है?

----

## Foreman Post Upgradation

***4705 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Deputy Chief Minister** be pleased to state is there any proposal under consideration of the Government to upgrade 150 posts of Foreman in Jal Shakti Vibhag; if yes, what is the latest status?

----

## राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल एवं जोगिन्द्रनगर

***4706 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल एवं जोगिन्द्रनगर में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद, कब से रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## एकीकृत विकास परियोजना

***4707 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एकीकृत विकास परियोजना के तहत विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं; यदि हां, तो इस परियोजना के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत, प्राप्त, कितनी व्यय की जा चुकी है तथा कितनी शेष है; कार्यवार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें;

(ख) इस परियोजना के तहत इस निर्वाचन क्षेत्र की किन-किन ग्राम पंचायतों में कौन-कौन से कार्य/परियोजनाएं स्वीकृत एवं पूर्ण की गई हैं; प्रत्येक ग्राम पंचायत का नाम, कार्य/योजना का नाम, स्वीकृत व व्यय धनराशि तथा कार्य की अद्यतन स्थिति का पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस परियोजना के तहत इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने कार्य निर्माणाधीन, पूर्ण अथवा लंबित हैं तथा लंबित कार्यों के लंबित रहने के क्या कारण हैं व इन्हें पूर्ण करने की संभावित समय-सीमा क्या है; कार्यवार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें?

----

## Water Management

***4708 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Deputy Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether a proper and well managed system for recording and monitoring the attendance of Water Guards at their respective sites is in place; if so, details be given; and

(b) whether the modern real-time system for monitoring and controlling water discharge and distribution is being operated from the central office, Division, or Sub-Division level; if so, details be given?

----

## भूमि अधिग्रहण

***4709 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भराड़ीघाट-धुंधन-पिपलूघाट एम0डी0आर0 सड़क के फोरलेन निर्माण हेतु एन0एच0ए0आई0 द्वारा ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के तहत कोटला व बैहल में भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, उसमें अधिग्रहित भूमि का मुआवजा किस दर एवं आधार पर निर्धारित किया जा रहा है;

(ख) मुआवजा निर्धारण हेतु कौन-कौन से मापदंड जैसे बाजार मूल्य, कलेक्टर/सर्किल रेट, भूमि की प्रकृति एवं हाल की पंजीकृत बिक्री दरें लागू की जा रही हैं;

(ग) ग्रामीण भूमि पर गुणन कारक, सोलेटियम (Multiplication Factor, Solatium) एवं अन्य देय लाभ किस नियम के अनुसार दिए जा रहे हैं; और

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र में मकान, दुकान, पेड़, फसल एवं अन्य परिसंपत्तियों का मूल्यांकन

किस आधार पर किया जा रहा है तथा प्रभावित भू-मालिकों के लिए पुनर्मूल्यांकन का क्या प्रावधान किया गया है?

----

## रिक्त पद

***4710 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला कांगड़ा के अंतर्गत विकास खण्ड कांगड़ा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर में जून, 2025 से हिन्दी, इतिहास एवं संस्कृत प्रवक्ता के पद रिक्त चल रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो इन पदों के रिक्त रहने के क्या कारण हैं व इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) क्या सरकार द्वारा विद्यार्थियों की पढ़ाई को सुचारु रखने हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है; ब्यौरा दें?

----

## अवैध खनन

***4711 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में अवैध खनन के कितने मामले सामने आए तथा उन पर कितना जुर्माना लगाया गया;

(ख) कितनी खड्डों को लीज़ पर दिया गया तथा इससे सरकार को कितनी धनराशि राजस्व के रूप में प्राप्त हुई; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में प्रदेश में खनन हेतु क्या नियम लागू हैं; ब्यौरा दें?

----

## मैकेनिकल डीजल कोर्स

***4712 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकारी आई0टी0आई0 भद्रकाली में मैकेनिकल डीजल कोर्स में इस बार एडमिशन क्यों नहीं किए गए; कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## पटवार वृत्त

***4713 श्री राम कुमार (दून) :**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पटवार वृत्त झाड़माजरी, तहसील बद्दी के निर्माण कार्य हेतु पर्याप्त धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी; और

(ख) पटवार वृत्त संडोली के मौजा बद्दी, शीतलपुर, काठा, बिलांवाली गुज्जरां व पटवार सर्कल भुड्ड में भूमि बंदोबस्त कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## शोघी बैरियर

***4714 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शोघी बैरियर पर सरकार द्वारा अपनी उपलब्धियों एवं प्रचार-प्रसार संबंधी वीडियो चलाने हेतु लाखों रुपये खर्च कर बड़ी-बड़ी स्क्रीन्स लगाई गई हैं जबकि वहां दिन-रात ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों हेतु रहने एवं रात्रि विश्राम के लिए पर्याप्त कमरे/आवासीय सुविधा तक उपलब्ध नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं एवं कठिन परिस्थितियों में की जा रही ड्यूटी को ध्यान में रखते हुए उनके लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने की कोई व्यवस्था/योजना बनाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन

***4715 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री दीप राज (करसोग) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने लोगों को सामजिक सुरक्षा पेंशन (बुढ़ापा, विधवा एवं दिव्यांग) के तहत कितनी धनराशि प्रदान की जा रही है तथा इनमें से महिलाओं की संख्या कितनी है; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक पेंशन दिए जाने की तिथि व पेंशन देरी से दिए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) पेंशन हेतु किए गए आवेदनों की संख्या कितनी है व कितने मामले लंबित हैं; लंबित होने के कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना

***4716 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक लाहौल और स्पिति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; और

(ख) इस योजना के तहत कितनी योजनाएं लंबित हैं; सरकार द्वारा इन योजनाओं को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## उचित मूल्य की दुकानें

***4717 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाए जाने वाले खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं, जैसे दालें, चावल, चीनी, आटा, खाद्य तेल आदि के विक्रय मूल्यों में कितनी-कितनी वृद्धि की गई है; ब्यौरा दें;

(ख) प्रत्येक वस्तु के प्रचलित मूल्य, समय-समय पर किए मूल्य परिवर्तन तथा वर्तमान मूल्य का वस्तुवार एवं तिथिवार ब्यौरा दें; इन वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि किए जाने के क्या कारण हैं तथा प्रत्येक वस्तु के मूल्य निर्धारण का क्या आधार है; और

(ग) सरकार द्वारा डिपुओं/उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाने वाली इन आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को नियंत्रित रखने अथवा उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने हेतु कोई पग उठाए गए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## ट्रांसफार्मर

***4718 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक कितने नए ट्रांसफार्मर लगे, कितने पोल की लाइनें

बिछी तथा कितने नए मीटर लगे; योजनावार ब्यौरा दें?

----

## नया औद्योगिक क्षेत्र

*4719 **श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) झण्डुता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गेहड़वीं में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की योजना कब आरंभ की गई; इस हेतु भारत सरकार से एफ0सी0ए0 में कब तथा कितनी भूमि स्वीकृत हुई; और

(ख) दिनांक 01.08.2026 तक सरकार द्वारा इस योजना हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया व कितनी व्यय की गई; अद्यतन स्थिति सहित वर्षवार ब्यौरा दें?

----

## पेयजल

*4720 **श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कुटलैहड़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के धार क्षेत्र के गांवों में तुरकाल-पंगा पेयजल योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रस्तावित/किए जा रहे कार्य, स्वीकृत धनराशि एवं अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें;

(ख) क्या धार क्षेत्र की पेयजल परियोजनाएं निचले क्षेत्रों में स्थित होने के कारण खराब मौसम अथवा विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर प्रभावित होती हैं; यदि हां, तो वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था हेतु बड़े जनरेटर सैट/अन्य उपायों की क्या योजना है तथा इसे कब तक लागू किया जाएगा;

(ग) क्या गोविंद सागर झील से पेयजल उठाने की अनुमति के बाद तुरकाल-पंगा प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो स्वीकृत लागत, व्यय, वर्तमान प्रगति एवं पूर्णता की संभावित तिथि का ब्यौरा दें; और

(घ) क्या डैम के आस-पास के गांवों के लिए इसी आधार पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की कोई योजना प्रस्तावित है; यदि हां, तो योजना, स्वीकृत/प्रस्तावित धनराशि, वर्तमान स्थिति एवं पूर्ण करने की समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## बसों की क्षति

***4721 श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सितम्बर, 2025 में आपदा के कारण धर्मपुर एच0आर0टी0सी0 डिपो में आपदा से बसों की क्षति हुई, कितनी बसों की मरम्मत कर दी गई है तथा कितनी बसों का इंजन वर्क किया गया है; इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ख) धर्मपुर तथा सरकाघाट बस डिपो में कितनी बसें 10 लाख किलोमीटर से ऊपर चल चुकी हैं तथा इनके रख-रखाव पर कितना व्यय किया जा रहा है; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) इन डिपुओं में अनुमोदित बसों को कब तक उपलब्ध करवा दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## लोक मित्र केन्द्र

***4722 श्री आर.एस. बाली (नगरोटा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वर्तमान में कितने लोक मित्र केंद्र संचालित हैं तथा विभिन्न सेवाओं के लिए संचालकों को दी जा रही सेवा शुल्क/कमीशन/मानदेय की दरों का सेवावार ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार लोक मित्र केंद्र संचालकों के लिए निश्चित मासिक मानदेय अथवा कमीशन/सेवा शुल्क में वृद्धि करने का विचार रखती है; यदि हां, तो प्रस्ताव एवं लागू करने की समय-सीमा क्या है; और

(ग) क्या प्रत्येक ग्राम पंचायत में लोक मित्र केंद्र संचालकों को पंचायत भवन अथवा अन्य सरकारी भवन में उपयुक्त स्थान उपलब्ध करवाने हेतु कोई नीति/प्रस्ताव है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा एवं समय-सीमा दें; यदि नहीं, तो कारण?

----

## विद्यालयों का भवन निर्माण

***4723 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नघेटा तथा पुरूवाला के दोनों विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा पुरूवाला साइंस लैब का कार्य गत दो वर्षों से बंद पड़ा है; यदि हां, तो इन भवनों के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने हेतु कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई है; ब्यौरा दें?

----

## प्रतियोगी परीक्षा

***4724 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा प्रतियोगी परीक्षा-2026 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इस परीक्षा के आयोजन की संभावित तिथि, विज्ञापन जारी करने की समय-सारणी तथा प्रारम्भिक परीक्षा आयोजित किए जाने की कौन-सी तिथि निर्धारित की गई है; और

(ख) क्या राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष, 2026 में इस परीक्षा को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो इसकी अधिसूचना/विज्ञप्ति कब तक जारी की जाएगी तथा क्या सरकार परीक्षा का वार्षिक कैलेंडर समयबद्ध रूप से जारी करने का विचार रखती है; यदि परीक्षा आयोजित नहीं की जानी है, तो इसके क्या कारण हैं तथा आगामी परीक्षा कब तक आयोजित किए जाने की संभावना है; ब्यौरा

----

## रिक्त पद

***4725 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वीकृत एवं रिक्त पदों का संस्थानवार ब्यौरा दें; और

(ख) रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

----

## फुटब्रिज का निर्माण

***4726 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत थल्ली नाला पर स्थित, थल्ला, बालमुई, जगत एवं रूहणकोठी गांवों को जोड़ने वाले फुटब्रिज का निर्माण किस वर्ष किया गया; ब्यौरा निर्माण लागत एवं निर्माण एजेंसी सहित दें;

(ख) उक्त फुटब्रिज की स्थापना के बाद अब तक उसकी मरम्मत, रख-रखाव अथवा सुदृढ़ीकरण कितनी बार किया गया; मरम्मत कार्य पर व्यय की गई धनराशि का तिथिवार ब्यौरा दें;

(ग) यह भी सत्य है कि इस फुटब्रिज की हालत अत्यंत जर्जर है तथा संबंधित

अधिकारियों द्वारा बजट के अभाव में इस पुल की आवश्यक मरम्मत नहीं करवाई जा रही है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें; और

(घ) उक्त फुटब्रिज की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि कब-कब स्वीकृत की गई; यदि धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तो कब तक स्वीकृत करके कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## औद्योगिक नीति

*4727 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में लागू औद्योगिक नीति दिनांक 31 मार्च, 2026 को समाप्त हो चुकी है; यदि हां, तो सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीति को अधिसूचित करने या पुरानी नीति को विस्तार न देने के क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार प्रदेश में कार्यरत उद्योगों को बिना औद्योगिक नीति के ही चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कारण?

----

## रिक्त पद

*4728 **श्री डी० एस० ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत तहसील सलूणी व उप-तहसील तेलका में पटवारियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को सरकार कब तक भरने का विचार रखती है; पदवार व पटवार वृत्तवार ब्यौरा दें?

----

## मुख्य मंत्री सुख-आश्रय योजना

*4729 **श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक प्रदेश में मुख्य मंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत कितने पात्र बच्चों/युवाओं को लाभान्वित किया गया तथा इस योजना पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस योजना के कितने लाभार्थी हैं; क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र में योजना से वंचित पात्र बच्चों की पहचान के लिए विशेष

अभियान चलाने का विचार रखती है?

----

## सराहां-चण्डीगढ़ सड़क मार्ग

***4730 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आपदा के समय सराहां-चण्डीगढ़ सड़क मार्ग जो कच्ची ढांक के समीप क्षतिग्रस्त हुआ था, इस पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थान

***4731 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विकास खंड आनी एवं निरमंड में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप-केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थान कार्यरत हैं; नाम, स्थान एवं स्थापना वर्ष सहित ब्यौरा दें;

(ख) इन संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा;

(ग) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाओं एवं नागरिक अस्पताल निरमंड में उपलब्ध चिकित्सा, जांच, प्रयोगशाला, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, प्रसूति, आपातकालीन, एंबुलेंस, दवा एवं अन्य सुविधाओं का ब्यौरा दें तथा अनुपलब्ध सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवा दी जाएंगी;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक इन संस्थानों के भवन, उपकरण/मशीनरी एवं अन्य विकास/मरम्मत कार्यों हेतु स्वीकृत एवं व्यय धनराशि तथा अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें;

(ङ) इस अवधि में नियुक्त चिकित्सकों में आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में तैनात चिकित्सकों का संस्थानवार नाम, पदनाम एवं नियुक्ति तिथि सहित ब्यौरा दें; और

(च) स्वास्थ्य उप-केंद्र लोहाल में स्वीकृत/रिक्त पद, दवा/स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति तथा नियमित संचालन एवं रिक्त पद भरने की समय-सीमा क्या है?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**
**29 अगस्त, 2026.** **सचिव**